आकाशवाणी मध्यप्रदेष
प्रादेशिक समाचार
दिनांक : 27.06.2025 समय : 02.10 pm

राष्ट्रपति-एम.एस.एम.ई.

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि देश के सतत आर्थिक विकास के लिए एक मजबूत सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम, एम.एस.एम.ई. तंत्र ज़रूरी है। राष्ट्रपति ने कहा कि यह देश की अर्थव्यवस्था का एक मजबूत स्तंभ है। आज नई दिल्ली में अंतर्राष्ट्रीय एम.एस.एम.ई. दिवस समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि एम.एस.एम.ई. क्षेत्र देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

कॉन्क्लेव–रतलाम

औद्योगिक विकास, कौशल उन्नयन और रोजगार सृजन को समर्पित रीजनल इंडस्ट्री, स्किल एंड इम्प्लॉयमेंट कॉन्क्लेव का आयोजन आज रतलाम में होने जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव इसका उद्घाटन करेंगे। डॉ. यादव इस अवसर पर रीवा, सागर, अलीराजपुर और पीथमपुर में रोजगारमूलक औद्योगिक इकाइयों का भूमि पूजन और लोकार्पण भी करेंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव कॉन्क्लेव में युवाओं को रोजगार के ऑफर लेटर और उद्योगपतियों को भूमि आवंटन और निवेश परियोजनाओं के लिए आशय पत्र वितरित करेंगे। मुख्यमंत्री चयनित जिलों के हितग्राहियों से संवाद करेंगे और उत्कृष्ट कार्य करने वाले तीन बैंकों को सम्मानित भी करेंगे।

पुरी रथ यात्रा

ओडिसा के पुरी में भगवान जगन्नाथ की विश्वप्रसिद्ध वार्षिक रथ यात्रा आज से शुरू हो गई है। इस दौरान भगवान जगन्नाथ और उनके बड़े भाई बलभद्र और छोटी बहन देवी सुभद्रा के विग्रह रथों में सवार होकर दर्शन देते हैं और मौसी के घर गुंडिचा मंदिर जाने के लिए तैयार होते हैं। इस वर्ष करीब 13 लाख भक्त इस उत्सव में भाग ले रहे हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने जगन्नाथ पुरी रथ यात्रा के अवसर पर शुभकामनाएं दी हैं। सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि लाखों श्रद्धालु भव्य रथों पर विराजमान भगवान बलभद्र, भगवान जगन्नाथ, देवी सुभद्रा के विग्रह और चक्रराज सुदर्शन के दर्शन कर दिव्य अनुभव प्राप्त करेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा के अवसर पर सभी नागरिकों को शुभकामनाएं दी है। प्रदेश में भी आज रथ यात्राओं का आयोजन किया जा रहा है भोपाल में कई स्थानों पर रथयात्राओं का आयोजन हो रहा है, नर्मदापुरम में आज शाम को यात्रा निकाली जाएगी।

बारिश

मध्यप्रदेश में बारिश का दौर जारी है। आज प्रदेश के 10 जिलों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। आज सुबह से भोपाल और झाबुआ जिलों में बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने अलीराजपुर-झाबुआ-धार जिलों में आज अति भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

इसके अलावा भोपाल, इंदौर, उज्जैन, जबलपुर, ग्वालियर समेत प्रदेश के अन्य जिलों में बारिश का यलो अलर्ट है। मौसम विभाग का कहना है कि प्रदेश में दो सिस्टम सक्रिय है जिससे राज्य के आधे से ज्यादा हिस्सों में बारिश हो रही है। इस बीच कल इंदौर में सबसे ज्यादा पौने 2 इंच पानी गिरा। लगातार बारिश से विदिशा और जबलपुर में कई जगह घरों में पानी भर गया। रायसेन जिले भारी बारिश से एक मकान गिर गया जिसमें पांच लोग घायल हो गए। इस बीच मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल एक समीक्षा बैठक में बताया कि एक से 26 जून तक प्रदेश में 37 प्रतिशत अधिक वर्षा हो चुकी है। उन्होंने बाढ़ बचाव के लिए आवश्यक प्रबंध करने के निर्देश दिए हैं।

सुगम्य भारत

सरकार ने दिव्यांगजनों और बुज़ुर्ग नागरिकों की सुविधा के लिए सुगम्य भारत ऐप को नया रूप दिया है। उन्नत सुविधाओं में उपयोगकर्ताओं को कम समय में सहायता करने के लिए एआई संचालित चैटबॉट और विकलांग व्यक्तियों के लिए सरकारी योजनाओं और अन्य मूल्यवान संसाधनों का एकीकरण शामिल है। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय ने 2021 में इस ऐप को लॉन्च किया था।

समाचार संक्षेप में .

- स्कूल शिक्षा और परिवहन मंत्री राव उदयप्रताप सिंह ने नर्मदापुरम जिलेभर के सरकारी और निजी स्कूलों के कक्षा 10वीं और 12वीं के 1 हजार मेधावी छात्रों को सम्मानित किया।

- आगरमालवा में सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा कल अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस के मौके पर प्रतिभागियों का सम्मान किया गया।
- पन्ना कलेक्टर ने सभी तहसीलदार एवं जनगणना चार्ज अधिकारी को जनगणना 2011 के अभिलेखों को सुरक्षित रखने के संबंध में निर्देश जारी किए हैं।

....